हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

04 ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे की प्रोसेसिंग का काम बंद...



05 भर्ती वाले दिन से ही नीरज की हालत थी गंभीर...





## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर का प्रभार जिपं सीईओ को सौंपा

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने नर्मदापुरम के अपर कलेक्टर श्री डीके सिंह के 31 जुलाई को सेवानिवृत होने पर आगामी प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत को अपर कलेक्टर नर्मदा पुरम का प्रभार आगामी आदेश तक के लिए सोपा है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### दस्तक अभियान के तहत हुई 3714 बच्चों की जांच

**नर्मदापुरम।** जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के तहत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 3714 बच्चों की जांच की जा चुकी है। अभियान का उद्देश्य डायरिया की रोकथाम और बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी करना है। दस्तक दल द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जा रही है और उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। ओआरएस के 3728 पैकेट और जिंक टेबलेट 4046 वितरित किए जा चुके हैं। 9 माह की आयु वर्ग वाले बच्चों को प्रति 6 माह के अंतराल पर विटामिन ए घोल पिलाया जा रहा है।

### एसएनजी स्कूल के पास जमी थी फड़, ऑटो में पहुंचकर डाली दबिश

# पुलिस ने जुआ फड़ पर की कार्रवाई, 4 जुआरियों सहित 12 हजार 200 रु जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में इन दिनों जुए और सट्टे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी सटेरिये और जुआंरी अपराध कर रहे हैं। गुरूवार को नर्मदापुरम शहर के एसएनजी स्कूल ग्राउंड पर गुरुवार शाम 5 बजे पुलिस ने एक जुआ फड़ पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही एक शातिर जुआरी भगवानदास रफूचक्कर हो गया। बाकी चार को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। जुआ फड़ पर कार्रवाई करने के लिए कोतवाली थाने के एएसआई संजय रघुवंशी, गजेंद्र, आनंद कुशवाह, अजमेश, पंकेश सवारी ऑटो में बैठकर पहुंची थी। चुपचाप पीछे से पुलिस टीम ने घेराबंदी की। लेकिन जुआरी भगवानदास इतना चालाक था कि पुलिस के चंगुल में नहीं आ पाया।

गुरूवार को शहर के एसएनजी स्कूल ग्राउंड पर गुरुवार शाम 5 बजे पुलिस ने एक जुआ फड़ पर दबिश दी। जिसमें पुलिस द्वारा 4 जुआंरियों सहित 12 हजार 200 रूपये और ताश के 52 पत्ते जब्त किये।



### जुआंरियों से जब्त किये 12 हजार रूपये

मौके से 12200 रुपए, ताश पत्ते जब्त किए और चार जुआरियों को पकड़ा है। जिसमें आरोपी सौरभ चौहान निवासी ईदगाह फाटक, सतवन उर्फ सत्तू, बलवान सिंह सरदार दोनों निवासी सिकलीगर मोहल्ला, छोटेलाल उर्फ छोटू मेहरा निवासी एकता चौक शामिल हैं। पांचवां आरोपी भगवानदास है। पांचों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस एक्ट में जुआ की कार्रवाई की।

### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी

एसएनजी स्कूल ग्राउंड पर पांच युवक जुआ खेलते दिखे। टीम ने पीछे से घेराबंदी की। आरोपी भगवानदास मौके पर भाग निकला, उस पर जुआ के कई अपराध दर्ज है। पांच आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। टीआई ठाकुर ने कहा शहर में खुलेआम या गुपचुप तरह से भी जुआ-सट्टा चल रहा है तो कार्रवाई करेंगे। वहीं नागरिकों ने कहा कि शहर के विभिन्न इलाकों में जुआं सरेआम खेला जाता है जिनमें शहर के बालागंज, ग्वालटोली, मालाखेड़ी, आदमगढ़ आदि स्थानों पर जुआं और सट्टे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। जुएं की चपेट में युवा आसानी से फंस रहे है। नागरिकों ने कहा कि पुलिस प्रशासन को तेजी से कार्रवाई करते हुए सट्टे पर भी अंकुश लगाना चाहिए ताकि युवाओं को इस बुरी लत से बचाया जा सके। नागरिकों के अनुसार जुएं का कारोबार पूरे जिले भर में फैल रहा है वहीं ग्रामीण अंचलों में वृहद स्तर पर जुएं की फड़ बिछाई जाती है जिससे लोग आसानी से फंस रहे हैं।

### सवारी ऑटो से पहुंची पुलिस, अचानक दी दबिश

बताया जाता है कि बालागंज क्षेत्र, एसएनजी ग्राउंड पर चबूतरे पर जुआ फड़ की सूचना मिली थी। दबिश देने के लिए पुलिस टीम सरकारी वाहन के बजाय ऑटो से इसलिए पहुंची। इससे पहले पुलिस को जुएं खेले जाने की पहले भी शिकायतें मिल रहीं थी जिस पर गुरूवार को कार्रवाई हुई। कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया जुआ खेलने वालों को पुलिस आने की जानकारी न लगे, इसलिए टीम ऑटो से दबिश देने पहुंची।

# सड़क दुर्घटना रोकथाम के लिए सख्त कार्यवाही करें: कलेक्टर

### कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के राष्ट्रीय, राज्य मार्गों, प्रमुख सड़कों एवं नगरीय क्षेत्र के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि लोकपथ ऐप पर दर्ज शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उनका निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय और राज्य मार्गों सहित नगरों की प्रमुख सड़कों पर स्थित स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें हटाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

इस दौरान कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे नवाचारों की भी जानकारी ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत सहित परिवहन, लोक निर्माण, नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की एप्रोच रोड की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सांसद दर्शन सिंह चौधरी गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिले। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के विकास के कामों को लेकर चर्चा की। औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल 46 पर ग्राम रायपुर और सनखेड़ा में चारों तरफ एप्रोच रोड बनाने, इटारसी से सुखतवा तक का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किए जाने समेत अन्य मांगें बताकर उसे पूरा कराने का आग्रह किया। सांसद चौधरी ने बताया नेशनल हाइवे 46 पर रायपुर के लिए एक तरफ से ही सर्विस रोड बनी है। सनखेड़ा में एनएच 46 पर एप्रोच रोड निर्माण नहीं है। चारों दिशाओं से एप्रोच रोड निर्माण करने की मांग की। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाइंट इमलिया पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य तेज कराने, बरसाती जल निकासी की समस्या के निराकरण के लिए पुलिया निर्माण कराने, सेंट्रल रोड फंड के माध्यम से जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 46 से मीनाक्षी चौक होते हुए कलेक्टर आवास तक की सड़क का फोरलेन मार्ग के रूप में निर्माण किए जाने का आग्रह किया।

# कलेक्टर सोनिया मीना ने विदाई समारोह के दौरान सिंह और महतो को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के अपर कलेक्टर डी.के. सिंह गुरुवार, 31 जुलाई 2025 को 33 वर्षों से अधिक की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उनके साथ ही जिला पंचायत के स्टेनोग्राफर विजय कुमार महतो ने भी अपने 36 वर्ष से अधिक के दीर्घ सेवाकाल के उपरांत शासकीय सेवा से विदाई ली। कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर श्री सिंह एवं स्टेनोग्राफर श्री मेहतो को कलेक्टर सोनिया मीना सहित कलेक्टर कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मीय विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि डी.के. सिंह ने वर्ष 1992 में महा अधीक्षक भू-अभिलेख, मंदसौर के पद से शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने वर्ष 1998 में महा बंदोबस्त अधिकारी, 2013 में डिप्टी कलेक्टर, 2018 में संयुक्त कलेक्टर और 2023 में अपर कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। जुलाई 2023 से वे नर्मदापुरम जिले के अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे वहीं विजय कुमार महतो ने वर्ष 1988 में जनपद पंचायत नर्मदापुरम के स्टेनोग्राफर पद से शासकीय सेवा की शुरुआत की।



# नपा में जनसुनवाई का आयोजन, नागरिकों को मिला उनकी समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई हुई। जिसमें अनेक समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने की। जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, अंबक पाराशर के साथ ही नपा के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि आज विभिन्न प्रकार की समस्याएं आई हैं जिनका उचित समाधान किया गया। साथ ही संबल आदि के आवेदन आए थे जांच करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वार्ड नंबर 32 की जरीन खान ने संबल से संबंधित आवेदन दिया है जिसको जांच के लिए दे दिया गया हैं। वहीं चंदन नगर रसूलिया नल कनेक्शन विच्छेद करने तथा सीवर लाइन की सफाई करने हेतु आवेदन आया।



# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में हुआ 'रेनी डे' का इंद्रधनुषी उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्नों ने हाल ही में 'रेनी डे' उत्सव का बड़े ही उत्साह और रंग-बिरंगे अंदाज़ में आयोजन किया। इस मनमोहक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बारिश के सुहाने मौसम का भरपूर आनंद लेने और उनकी कल्पनाशीलता व रचनात्मकता को बढ़ावा देना था।

यह उत्सव बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ, जिसमें उन्होंने बारिश से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण बच्चों द्वारा पहनी गई मनमोहक वेशभूषाएं रहीं। कोई इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों में रंगा था, तो कोई फुदकते मेंढक, चमकती बारिश की बूंद, गहरे नीले ऑक्टोपस या प्यारे कछुए का रूप धरे था। इन वेशभूषाओं ने पूरे माहौल को जीवंत और खुशनुमा बना दिया। बच्चों ने पानी की फुहारों के बीच उल्लासपूर्ण गतिविधियों में खूब मस्ती की, जिससे उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। उनकी रचनात्मक प्रस्तुतियाँ और उत्साही भागीदारी न केवल बेहद मनोरंजक थीं, बल्कि इसने बच्चों को प्रकृति से गहराई से जुड़ने और अपनी भीतर छिपी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान किया। स्कूल प्रबंधन ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।



# समेरिटंस स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

5 एमपी गर्ल्स बटालियन से संबद्ध समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स के पौधे रोपे। कार्यक्रम में डायरेक्टर डाक्टर आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, लीना देवासकर मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में जुनियर विंग के लगभग 75 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव ने वृक्षों के महत्व तथा प्रकृति और पोषण के महत्व को बतलाया। कार्यक्रम में सभी कैडेट्स नें 30 फलदार पौधो का पौधारोपण किया। कार्यक्रम में शिखा खंपरिया, विक्रांत खंपरिया भी उपस्थित रहे। विजय श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां समय पूर्व की पूर्ण कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में गरिमामई पूर्ण तरीके से मनाया जाए देश का 79 स्वतंत्रता दिवस। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम। वर्षा काल को दृष्टिगत रखते हुए की जाए राष्ट्रीय पर्व की समस्त तैयारी। उक्त निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की समस्त तैयारी एक दिवस पूर्व सुनियोजित ढंग से पूर्ण कर ली जाए। इस दौरान उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल की उपस्थिति में पचमढ़ी में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा इसके लिए उन्होंने एसडीएम पिपरिया को निर्देश दिए की राजभव में स्वतंत्रता दिवस समारोह तथा महामहिम राज्यपाल के आगमन की समस्त तैयारी पूर्व नियोजन ढंग से कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए की समस्त अधिकारी सोपे गए दायित्वों का निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में डी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभाग ग्रेडिंग में प्रगति लाए।



# राम समाज में रहकर रिश्तों को निभाने वाले जननायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वाधान में गोस्वामी तुलसीदास और उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को बताया कि समाज को दिशा देने में साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान है। शोधार्थी देवांश बैरागी ने प्रेमचंद के आदर्शों को यथार्थ की यात्रा तक रेखांकित किया। डॉ दिनेश श्रीवास्तव के अनुसार तुलसी और प्रेमचंद दोनों के साहित्य में समस्याओं का समाधान निकलता है, तुलसी के राम समाज में रहकर रिश्तों को निभाने वाले जननायक हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ के जी मिश्र के वक्तव्य में जहां तुलसीदास सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं, वही प्रेमचंद ने कथा साहित्य में भारतीय समाज के प्रति चिंता जताई कि भारतीय समाज कैसे संगठित हो।

### जिले में अब तक 879 मिमी वर्षा दर्ज, झरने बने आकर्षण केंद्र

# जोरदार बारिश के बाद गुरुवार को मिली राहत, नर्मदा का जल स्तर भी थमा, गत वर्ष से 216 मिमी अधिक हुई वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले एक सप्ताह में हुई जोरदार बारिश में गुरूवार को विराम लगा। दिन भर मौसम खुला रहा हालाकि देर शाम जोरदार बारिश हुई जो थोड़ी देर के बाद थम गई। वहीं नर्मदा नदी का जलस्तर भी थम गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों ओर बारिश होने का अनुमान जताया है हालाकि अभी बारिश रूकी रहेगी। दूसरी ओर इन दिनो पचमढ़ी में भी सैलानी पहुंच रहे है और पचमढ़ी में जगह-जगह निकले झरने लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 31 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 879.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 663.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 30 जुलाई से 31 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 11.0 मिलीमीटर, इटारसी में 1.8 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 7.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 31.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 10.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 16.0 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 963.20 फीट है, तवा जलाशय का 1159.80 फीट है, बरगी जलाशय का 417.95 मीटर एवं बारना जलाशय 346.84 मीटर दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।



# सेवा निवृत्ति पर नपा कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में ढोल ढमाकों के साथ नगरपालिका के तीन कर्मचारी अपनी सेवा अवधि पूर्ण गुरूवार को सेवानिवृत्त हो गए। विदाई समारोह में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले आरएसआई बसंत रावत, नपा कर्मी नन्हेंलाल कहार, संतोष शुक्ला शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह बघेल ने किया। सेवानिवृत्ति समारोह उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुष रिछारिया, रीना गुप्ता, अंबक पाराशर, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी के साथ ही सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। कर्मचारियों को शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि आपके द्वारा किए गए सेवा केकार्य नगरपालिका हमेशा याद रखेगी।

## खबर संक्षेप

### खेत में काम करते समय महिला को लगा करंट

**बैतूल।** झल्लार थाना क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जमन्या (गंगाजी ढाणा) में गुरुवार सुबह एक महिला कृषि कार्य के दौरान बिजली के तार से करंट की चपेट में आ गई। धाड़से निवासी इमला नामक महिला खेत में काम कर रही थी, जब वह नीचे लटक रही एलटी लाइन के संपर्क में आ गई। हादसे में महिला के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए झल्लार स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि यह हादसा बिजली कंपनी की लापरवाही से हुआ है। उन्होंने बताया कि बिजली के तार जमीन से बहुत कम ऊंचाई पर थे, जिसकी शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी उपेक्षा के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाजपा 10 से 14 तक निकालेगी तिरंगा यात्रा

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में 10 अगस्त से 14 अगस्त तक निकाले जाने वाली तिरंगा यात्रा एवं पार्टी के पितृपुरूष कुशाभाउ ठाकरे की जन्म जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथी कार्यक्रम हेतू जिला टोलीयों का गठन किया गया है। संभागीय संगठन प्रभारी पंकज जोशी जी एवं जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के लिए जिला संयोजक कमलेश सिंह एवं जिला सह संयोजकद्वय भास्कर मगरदे ,ममता मालवी को मनोनीत किया है। इसी प्रकार कुशाभाउ ठाकरे जयंती, अटलजी की पुण्यतिथी कार्यक्रम हेतू जिला संयोजक कृष्णा गायकी व सह संयोजक द्वय देवीसिंह ठाकुर , इंद्रपाल पुण्डे को मनोनीत किया गया है।

### मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सारणी।** पुलिस ने मोबाइल चोरी करने और फोन-पे एप से राशि ट्रांसफर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उक्त मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 17 जुलाई को राकेश बाबरिया पिता गंगाराम बाबरिया निवासी आज़ाद नगर पाथाखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके निवास स्थान से मोबाइल फोन चोरी कर लिया और उक्त मोबाइल का उपयोग कर फोन-पे एप के माध्यम से 40,000 की राशि ट्रांसफर कर ली। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305 बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। अनुसंधान के दौरान संदेही अंकित बेले से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें उसने उक्त चोरी की घटना को अपने सहयोगियों विशाल बेले एवं निक्की के साथ मिलकर कारित करना स्वीकार किया। आरोपितों ने बताया कि चोरी किए गए मोबाइल में फोन-पे का लॉक एक्टिव नहीं था, जिससे उन्होंने राशि का ग़लत उपयोग करते हुए पहले निक्की के खाते में और उक्त राशि को तत्पश्चात अंकित बेले के खाते में ट्रांसफर कर दिया। पुलिस द्वारा आरोपी अंकित बेले से 15,000 तथा विशाल बेले से 25,000 कुल 40,000 की नकद राशि बरामद की गई है। तीसरा आरोपी निक्की वर्तमान में फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाही में उप निरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, प्रधान आरक्षक मनोज डेहरिया, आरक्षक सुभाष मण्डलोई और आरक्षक रवि दर्शिमा की सराहनीय भूमिका रही।

### एएचपी आरबीडी की बैठक संपन्न

**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद (एएचपी )और राष्ट्रीय बजरंग दल (आरबीडी)की जिला बैठक विश्वकर्मा मंदिर बैतूल में आयोजित की गई। बैठक प्रांत महामंत्री मध्य क्षेत्र संजीव पटेरिया, आरबीडी प्रांत उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कीर, आरबीडी प्रांत सचिव जगवीर राजवंशी के आतिथ्य संपन्न हुई। इस मौके पर सुरेन्द्र कीर ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए हिन्दू महिला और छात्राओं पर देश में हो रहे अत्याचार और शोषण पर गहरी चिंता प्रकट की।

अब तक सिर्फ 60 प्रतिशत कचरा हटा पाई कंपनी, निर्धारित समय से 5 माह अतिरिक्त गुजरे

# ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे की प्रोसेसिंग का काम बंद, दुर्गंध से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शहर के वार्डो का कचरा गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित किया जाता है, जहां कचरे की प्रोसेङ्क्षसग का ठेका दिया है, लेकिन अभी कचरे की प्रोसेसिंग का कार्य बंद है। जिससे कचरा नष्ट करने के काम में देरी हो रही है और यह कचरा लोगों की परेशानी का सबब बन रहा है। वहीं ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगातार कचरा एकत्रित होने से कचरे के पहाड़ खड़े हो रहे है। बता दे कि नगरपालिका शहर के 33 वार्डो से रोजाना डोर-टू-डोर और सार्वजनिक स्थानों, मार्केट से कचरा कलेक्ट करती है। यह कचरा गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जाता है। जहां कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। नगरपालिका ने इसका ठेका ईकोस्टन कंपनी नोएडा को दिया है। कंपनी द्वारा जमीन में 10 से 15 फीट गहरी खुदाई कर कचरा बाहर निकालकर टीले बना दिए हैं, लेकिन इसे अलग- अलग करने का काम मशीनें थमने के कारण रुक गया है। बताया जा रहा है कि बारिश आने से पूरा कचरा गीला हो गया और कचरे के बीच में पानी थम गया है। अब इस पानी के सूखने की राह देखनी पड़ रही है। यहां पर जमीन में से खोदकर निकाला कचरा भीगने से कीचड़ होने पर बदबू और मक्खियों का अंबार लग रहा है। जिससे आसपास के लोग परेशान हैं।

### 6 माह की टाइम लिमिट दिए जाने के बाद बीत गए 11 महीने ..........

*नगरपालिका ने लेगेसी वेस्ट के प्रोजेक्ट का ठेका ईकोस्टन कंपनी नोएडा को देते हुए अगस्त 2024 में वर्क ऑर्डर जारी किया था। इस प्रोजेक्ट की टाइम लिमिट 6 माह थी। फरवरी 2025 तक यह काम पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन टाइम लिमिट से 5 महीने अधिक होने पर भी केवल 60 प्रतिशत कचरा ही हट पाया है। इधर नपा ने अब तक कंपनी पर कोई पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई नहीं की है। जबकि 10 प्रतिशत पेनाल्टी हर बिल पर लगनी चाहिए। बारिश में यह गीला कचरा बीमारियों का सबब बनता जा रहा है। अब काम बारिश बाद ही पूरे होने की उम्मीद है।*

### ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया जाएगा

बारिश का पानी लगने से कचरे का वेट बढ़ गया है। जिसके कारण फिलहाल प्रोसेसिंग का काम रोक दिया है। जैसे ही बारिश खत्म होती है, जल्द से जल्द कचरे की प्रोसेसिंग कराने का प्रयास करेगे। यदि दुर्गंध की समस्या है तो नपा स्वच्छता प्रभारी से कहकर ब्लीचिंग पाउडर का छिडक़ाव करवाया जायेगा, ताकि कचरे से दुर्गंध न उठे।

पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

### प्रतिदिन निकलता है सैकड़ों टन कचरा ..........

*नगरपालिका द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित किया जाता है। एक अनुमान से शहर के 33 वार्डो से लगभग प्रतिदिन 30 से 40 टन कचरा निकल जाता है और इस कचरे को शहर के समीप स्थित गौठाना के ट्रेचिंग ग्राउंड में जमा किया जाता है। पहले आसपास ज्यादा मकान नहीं थे, लेकिन अब आबादी बढने के साथ-साथ मकानों का भी निर्माण हो गया है। ऐसे में हवा चलने पर ट्रेचिंग ग्राउंड का कचरा उडकर घरों तक पहुंच जाता है और लोगों को गंदगी के साथ-साथ दुर्गंध का भी सामना करना पड़ता है। रहवासी बताते है कि कचरे की दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेने में भी परेशानी आती है। कचरे के कारण मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ रहा है।*

### 60 प्रतिशत ही हट पाया कचरा ............

*गौठाना स्थित नगरपालिका का ट्रेचिंग ग्राउंड करीब 8 एकड़ पर फैला हुआ है। यहां कचरा अलग-अलग करने और नष्ट करने के लिए दो मशीनें कंपनी ने लगाई हैं। इनकी क्षमता 300-300 टन प्रतिदिन की है। इन मशीनों तक कचरा पहुंचाने के लिए कन्वेयर बेल्ट लगे हैं। नोएडा की कंपनी को ठेका देने और वर्क ऑर्डर होने के बाद अलग से ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस प्रक्रिया में अगस्त 2024 से लेकर जनवरी तक का समय लग गया। जनवरी 2025 में कंपनी ने काम शुरू किया। पांच महीने की देरी से काम शुरू होने के कारण 60 प्रतिशत ही कचरा हट पाया। इसके बाद बारिश आने पर कचरा गीला हो गया और मशीनों को बंद करना पड़ा।*

### कचरे की दुर्गंध से परेशान लोग ..........

*शहर के गौठाना स्थित ट्रेरचिंग ग्राउंड में लाखों टन कचरा जमा है। यहां अभी भी शहर का कचरा एकत्रित किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्ट करने के बाद इसे, इसी ट्रेरचिंग ग्राउंड में डाला जा रहा है। जिससे यहां कचरे की मात्रा बढ़ते ही जा रही है। लोगों का कहना है कि इसके पीछे भी नगरपालिका की लापरवाही साफ झलक रही है। लापरवाही यह भी है कि कचरे की प्रोसेसिंग के दौरान कचरे से दुर्गंध या हानिकारक गैस न निकले, इसके लिए नपा द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाये गये है। इस इलाके में हर तरफ कचरा ही नजर आता है। कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं और लोगों को दुर्गंध सहित गंदगी का सामना करना पड़ रहा है।*

## कपड़ा दुकान में फिर चोरों का धावा नकदी और दस्तावेज किए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




कोठी बाजार क्षेत्र की प्रतिष्ठित कपड़ा दुकान अरिहंत में बुधवार रात चोरी हो गई। चोरों ने दुकान का गेट तोडक़र प्रवेश किया और नकदी सहित जरूरी दस्तावेज चुरा लिए। इसी दुकान में दो माह पूर्व 21 मई को 10 लाख 20 हजार की चोरी हुई थी। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दुकान संचालक पदम सुराणा ने कोठी बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई की रात वे 8.30 बजे दुकान बंद कर घर गए थे। गुरूवार सुबह 9.30 बजे जब दुकान पहुंचे तो मुख्य गेट टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो गल्ले से 12 हजार रुपए नकद और एक पर्स गायब था। पर्स में एसबीआई का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और लगभग 3 हजार रुपए की चिल्लर थी। इस बार चोर दुकान के पिछले हिस्से से घुसे। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। पुलिस इनके आधार पर जांच कर रही है। लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। बढ़ती चोरी की घटनाओं से व्यापारी और आमजन में आक्रोश है। वे ठोस सुरक्षा इंतजाम की मांग कर रहे हैं।

## निशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 150 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी



सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी के मुख्य कार्य अभियंता (उत्पादन) के निर्देशानुसार कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चिकित्सालय द्वारा निशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के हॉस्पिटल में संपन्न हुआ, जिसमें नगर तथा ग्राम वासियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में डॉ.नीतू तथा एमपीपीजीसीएल चिकित्सालय की चिकित्सकों (डॉ.विजय कुमार रघुवंशी, डॉ.रोहित आनंद, डॉ.दक्ष, ï.आयुष, डॉ.सुधांशु, डॉ.हेमंत द्वारा 150 मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श किया गया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। इस शिविर में स्त्री रोग सम्बंधित मरीज जैसे- मासिक धर्म सम्बंधित, फाइब्रोएड और सिस्ट, एंडोमेट्रियोसिस इत्यादि) के 53 मरीज, गर्भवती 2, निसंतानता सम्बंधित 15 मरीजो को उचित परामर्श तथा दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर 15 मरीजों की सीबीसी एवं प्लेटलेट जाँच, 8 मरीज की मलेरिया, गले में कफ संबंधित 5 मरीजों और 5 मरीजों की एक्स-रे जांच की गई। इसके अलावा सिकल सेल के 8, बीपी (रक्तचाप) के 14 मरीज, बुखार के 10, शुगर (मधुमेह) के 10 और खून की कमी वाले 12 मरीजों का उपचार शिविर में किया गया। महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों का विशेष ध्यान रखते हुए, शिविर में 70 महिलाओं को सैनिटरी पैड्स का निशुल्क वितरण भी किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में हर हेल्थ की टीम तथा मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अधिकारियों/ कर्मचारियों का योगदान रहा।

## रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नशे से दूरी है जरूरी, मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित इस जन-जागरूकता अभियान को लेकर बुधवार को भौंरा नगर के शासकीय बालक एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाल ही में आयोजित रचनात्मक प्रतियोगिताओं निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें बाल्यावस्था से ही सकारात्मक सोच की दिशा में प्रेरित करना था। प्रतियोगिताओं में नशा मुक्त समाज, स्वस्थ जीवन शैली तथा युवाओं की भूमिका जैसे विषयों को लेकर बच्चों ने अपने विचारों को प्रभावशाली शब्दों व चित्रों में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भौंरा पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा, नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून से नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जागरूकता से जीती जा सकती है।

यदि बच्चे इस विषय को लेकर गंभीर हैं, तो हम एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों में इस तरह की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाएंगी, ताकि बच्चों में सामाजिक चेतना और आत्मविश्वास का विकास हो सके। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक विषयों से जोडऩा एक अभिनव प्रयोग है, जिससे न केवल बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आती है, बल्कि उनमें मूल्य आधारित सोच का भी विकास होता है। नशे से दूरी है जरूरी अभियान जारी है।

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

## छात्रों का तिलक मिटाने, कलावा डस्टबिन में फेंकने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल के एक निजी स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने जमकर हंगामा किया। स्कूल प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी। कार्यकर्ताओं को रोकने पर परिसर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। दरअसल गुरुवार सुबह 11 बजे एबीवीपी के 50 से ज्यादा कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। उनका आरोप था कि स्कूल में बच्चों को तिलक लगाने और कलावा बांधने की मनाही है। ऐसा करने पर तिलक मिटाने के साथ ही कलावा कटवाकर डस्टबिन में फेंकने का काम कर रहे हैं। वहीं स्कूल प्रबंधन इन आरोपों को नकार रहा है। एबीवीपी कार्यकर्ता स्कूल प्रिंसिपल को बुलाने पर अडे थे। प्रदर्शन करीब 4.30 घंटे चला। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीओपी सुनील लाटा और टीआई सर्विंद धुर्वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने समझाइश दी। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि तिलक लगाकर आने और कलावा बांधने पर मनाही से छात्रों की धार्मिक आस्था से जुड़ी परंपराओं पर रोक लगाना गलत है। प्रिंसिपल सिस्टर जोजिना ने स्कूल गेट पर आकर कार्यकर्ताओं से बात की। उन्होंने कहा कि स्कूल में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है, जैसा आरोप लगाया जा रहा है। इस पर कार्यकर्ताओं ने इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा करने की मांग की। जिस पर स्कूल शिक्षा विभाग के योजना अधिकारी ने मंच से घोषणा की कि स्कूल में किसी भी धर्म,जाति, रीति-रिवाज को न मानने जैसी कोई रोक नहीं है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन खत्म किया।

बैतूल ने योजनाओं के क्रियान्वयन में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## 15 विभागों की 37 सेवाओं में प्रदेश में जिला बना अग्रणी

- कलेक्टर के सतत मार्गदर्शन में की जा रही मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड केपिआई के अंतर्गत चयनित 15 विभागों की 37 सेवाओं में बैतूल जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अपना प्रथम स्थान बनाया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की सतत मॉनिटरिंग और विभागीय समन्वय का परिणाम रहा कि जिला प्रदेश के सभी जिलों में अग्रणी बना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती एवं डायवर्सन जैसे प्रकरणों में बेहतर निराकरण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने हर घर जल योजना के अंतर्गत जलापूर्ति में प्रभावी प्रगति की है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के प्रकरणों को प्राथमिकता से हल किया। वहीं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग ने लोन से संबंधित मामलों का त्वरित समाधान किया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण किया गया, जिससे कृषकों को समय पर लाभ मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार जून महीने में सीएम हेल्पलाइन पर कुल 6 हजार 276 शिकायतें दर्ज की गई थी। प्राप्त शिकायतों में संतुष्टि के साथ बंद की गई शिकायतें 50.39 प्रतिशत, 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतें 13.13 प्रतिशत, निम्न गुणवत्ता से बंद की गई शिकायतें 9.87 प्रतिशत तथा नोट अटेंडेड 9.73 शिकायतों का निराकरण किया है। जिला प्रशासन ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज अधिकांश शिकायतों का शीघ्र समाधान किया और लोगों को संतुष्टि प्रदान की। हालांकि कुछ शिकायतें 50 दिनों से अधिक समय तक लंबित रही, जिन्हें निराकरण के लिए और प्रयास किए जाएंगे।

### इन विभागों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

*लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्कूल शिक्षा विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, खनिज साधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, वित्त विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, लोक सेवा प्रबंधन विभाग, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय विकास एंव आवास विभाग, उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत निराकरण किए।*

श्रमिकों ने भौंरा पुलिस चौकी में की शिकायत, 15 दिन में भुगतान देना था तय

# ठेकेदार ने काम करवाकर 16 मजदूरों की नहीं दी मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

शाहपुर तहसील के ग्राम पंचायत सालीमेट अंतर्गत ग्राम सेमलपुरा के 16 ग्रामीण मजदूरों ने ठेकेदार सुनील त्यागी और सुपरवाइजर हरि के खिलाफ भोपाल में काम कराकर मजदूरी नहीं देने की शिकायत पुलिस चौकी भौंरा में दर्ज कराई है। मजदूरों का कहना है कि उनसे भोपाल नगर निगम क्षेत्र में सडक़ निर्माण कार्य में काम कराया गया और अब उनकी 44,500 की मेहनताना राशि नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वे 4 जून 2025 से भोपाल में निर्माण कार्य में लगे थे। उन्हें 500 प्रतिदिन की मजदूरी पर काम पर रखा गया था। मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने की जिम्मेदारी सुपरवाइजर हरि की थी। शुरुआत में 15 दिन में भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बार-बार मांगने के बाद भी सिर्फ कुछ लोगों को आंशिक रूप से एडवांस दिया गया और शेष राशि रोक दी गई। किसी को 1000 मिले, किसी को 3000, लेकिन अधिकांश का 2500 से 4000 तक भुगतान बकाया है। इनमें पुरुष और महिला दोनों मजदूर शामिल हैं। बताया गया कि भोपाल में ही रुके 10 मजदूरों को 19 जुलाई 2025 को श्रम कार्यालय भोपाल में सहायक श्रम आयुक्त पी. जेसमीन अली सितारा के हस्तक्षेप से आंशिक भुगतान दिलवाया गया था। लेकिन 16 मजदूर, जो बोवनी के लिए गांव लौट आए थे, उन्हें आज तक पूरा भुगतान नहीं मिला।




### पुलिस और सुपरवाइजर का पक्ष ..............

*भौंरा पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे। मजदूरों की शिकायत पर ठेकेदार को फोन लगाया गया, लेकिन उनका नंबर बंद आ रहा है। वहीं सुपरवाइजर हरि ने कहा मैं केवल मजदूरों की देखरेख करता हूं, भुगतान का कार्य ठेकेदार करता है। वह अभी यहां नहीं है। मजदूर अपनी मर्जी से यहां से गए थे, उन्हें पेमेंट लेकर ही जाना था। मजदूरों ने ठेकेदार सुनील त्यागी और सुपरवाइजर हरि के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने भौंरा पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय और तत्काल बकाया राशि दिलवाने की अपील की है।*

### मजदूरों ने बताया, पहले ही दी थी जानकारी

*मजदूरों ने कहा कि उनसे सिर्फ एक माह काम की बात हुई थी। जब बोवनी का समय आया तो उन्होंने हफ्ते भर पहले ही सुपरवाइजर और ठेकेदार को गांव लौटने की जानकारी दी थी। इसके बावजूद अब उन पर बिना बताए काम छोडने का आरोप लगाकर भुगतान से इनकार किया जा रहा है। मजदूर बाजुलाल, मजदूर सेमलपुरा ने बताया हम भोपाल जाकर मेहनत से काम किए। ठेकेदार ने कहा था हर 15 दिन में मजदूरी देंगे, लेकिन अब टाल-मटोल कर रहा है। खेत में बोवनी करनी थी, इसलिए लौट आए, अब पैसे भी नहीं दे रहा। पुलिस से उम्मीद है कि हमें हमारा हक दिलवाएगी। मुन्नीबाई, मजदूर सेमलपुरा ने कहा घर के हालात खराब हैं। बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। हमने पसीना बहाकर काम किया है, लेकिन आज तक पूरी मजदूरी नहीं मिली। हम चाहते हैं कि शासन हमें न्याय दे और मजदूरी दिलवाए।*

### जिले में अभी तक 525.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 525.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 499.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 31 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

**CHANGE OF NAME**

I, No.-15134910F, RANK-EX HAV NAME- **SANJAY SATPUTE,** HAVE CHANGE MY DAUGHTER'S of NAME FROM- **ASTHA TO ASTHA SATPUTE** VIDE AFFIDAVIT DATED-30-7-2025 BEFORE NOTARY BETUL DISTT.- BETUL (M.P.)

## संक्षेप खबर

### गनेरा से जल लेकर तिलक सिन्दूर जाएंगे भक्त

**माखन नगर।** गनेरा चौकाघाट से 3 अगस्त को विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी श्रद्धालु नर्मदा जल से तिलक सिन्दूर पहुंच कर भगवान महादेव का अभिषेक करेंगे। ग्राम पंचायत गनेरा के सरपंच कृष्ण कुमार झा ने बताया कावड़ यात्रा का यह द्वितीय वर्ष हैं 3 अगस्त को कावड़िया चौकाघाट से नर्मदा जल लेकर निकलेंगे 4 अगस्त श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार को तिलक सिन्दूर पहुंचकर भगवान महादेव का पूजन अभिषेक करेंगे कावड़ यात्रा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जाता है समस्त धर्म प्रेमी इस कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित है।

### विहिप का अभ्यास वर्ग हुआ सम्पन्न



**माखन नगर।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम का अभ्यास वर्ग ओम साईं गार्डन में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत इटारसी प्रखंड उपाध्यक्ष अनुरुद्ध चंसोरिया का उद्बोधन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ उन्होंने संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी दी एवं संगठन की गतिविधियों की स्थानीय पदाधिकारी से जानकारी ली। इस अवसर पर माखन नगर विहिप अध्यक्ष दिनेश शर्मा इंद्रपाल जाट अशोक वर्मा आशीष गुरु संयोजक अमित मिश्रा दीपेश यादव अंकित मयंक विशाल लोकेश पुष्प यादव समोन मौजूद रहे।

### मूंग खरीदी 30 अगस्त तक की जाए: राजपूत

**माखन नगर।** म प्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव किसान नेता यशवंत सिंह राजपूत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर किसानों को मूंग बेचने उपार्जन केंद्र में हो रही परेशानी से अवगत कराया है राजपूत ने लिखा है अनेक किसान ऐसे हैं जो बारिश के मौसम में 8 8 दिन से लाइन में लगे हैं लेकिन उनके मुंग नहीं तुल पाई है जिले में हजारों किसानो की स्लॉट बुक नहीं हो पाई किसानों को कहीं सर्वेयर, समिति प्रबंधक प्रताड़ित कर रहे है कहीं वेयर हाउस वाले उपलब्धता का हवाला देकर परेशान कर रहे हैं
किसान आपसे यह सहयोग की अपेक्षा कर रहा है की मूंग खरीदी दिनांक30 अगस्त तक बढ़ाई जाए।

### ग्राम भटगांव में गिरी मकानों की दीवारें

**सोहागपुर।** ब्लॉक के ग्राम भटगांव में अतिवृष्टि से तीन मकानों की दीवारें गिर गई हैं। ग्रापं सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों से सूचना मिली तो उन्होंने प्रशासन को सूचित किया है, ताकि क्षतिग्रस्त मकानों के सर्वे उपरांत ग्रामीणों को प्रशासनिक सहयोग मिल सके। सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर के अनुसार भटगांव में दुलीचंद कीर, खेत सिंह व मिट्ठू लाल के मकानों की दीवारें गिर गई हैं। ठाकुर ने बताया कि अभी गांव में इस बावत और जानकारी जुटाई जा रही है।


### अपोलो भोपाल में भर्ती से पहले ही नीरज ब्रेनडेड, मल्टी आर्गन फैलियर की स्थिति में

# भर्ती वाले दिन से ही नीरज की हालत थी गंभीर, डिस्चार्ज समरी ने खोले कई राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

अपोलो सेज हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही नीरज मरणासन्न जैसी स्थिति में पहुंच चुका था। नीरज का ब्रेन डेड हो चुका था, मल्टी आर्गन फैलियर हो चुका था, ब्लड प्रेशर न के बराबर था। जैसे कई तथ्य सामने निकलकर आए हैं जो यह बताते है कि इटारसी में ही इलाज के दौरान नीरज की हालत किस हद तक बिगड़ चुकी थी।





E Patient neeraj rajput, 22yr/m with no known co morbidities had Road traffic accident on 04/07/2025 at hoshangabad itarsi highway and suffered injuries of left femur shaft fracture with left femoral artery complete transection , got operated at dayal multispecialty hospita7kjl on 05/07/2025 shifted out on ventilator in post op period and eventually developed wet gangrene with septic shock and MODS, patient was brought to Apollosage hospital on 08/07/2025 in ER patient was received as E1VETM1 state with B/L pupil 4mm non reactive to light with all brainstem reflexes absent(without any sedation) , in ER patient had bradycardia with NR blood pressure and eventually went in asystole, CPCR started and ROSC achieved after 1cycle and shifted to icu . Patient started on high ionotropic supports, orthopaedic consultation done. attenders were explainned regarding extremely poor prognosis of patient. They want to take patient leave against medical advice with all due risk explained.

#### ये है अपोलो सेज की समरी

नीरज राजपूत, 22 वर्षीय पुरुष, जिन्हें कोई ज्ञात बीमारी नहीं थी, का 4 जुलाई 2025 को होशंगाबाद-इटारसी राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना में उन्हें बायीं जांघ की हड्डी (फीमर शाफ्ट) में फ्रैक्चर और बायीं जांघ की धमनी (फेमोरल आर्टरी) पूरी तरह से कटने (ट्रान्सेक्शन) की चोटें आईं। 5 जुलाई 2025 को दयाल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में उनका ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें वेट गैंग्रीन (ऊतक का सड़ना), सेप्टिक शॉक (गंभीर संक्रमण के कारण शरीर का शॉक में जाना), और एमओडीएस (मल्टीपल ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम - कई अंगों का काम करना बंद कर देना) विकसित हो गया। 8 जुलाई 2025 को मरीज को अपोलोसेज अस्पताल के आपातकालीन विभाग (ER) में लाया गया। जब मरीज को ER में लाया गया, तो वह E1VETM1 अवस्था में था, जिसका अर्थ है कि वह अचेत था, उसकी आँखें खोलने, बात करने या हिलने-डुलने की कोई प्रतिक्रिया नहीं थी। उसकी दोनों आँखों की पुतलियाँ (प्यूपिल) 4 मिमी थीं और रोशनी के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थीं। किसी भी तरह की दवा (सेडेशन) के बिना उसके सभी ब्रेनस्टेम रिफ्लेक्सिस (मस्तिष्क के निचले हिस्से द्वारा नियंत्रित अनैच्छिक क्रियाएं) अनुपस्थित थे। ER में मरीज को ब्रैडीकार्डिया (धीमी हृदय गति) और ब्लड प्रेशर न के बराबर (NR blood pressure) था, और अंततः उसे असिस्टोल (हृदय गति का पूरी तरह रुक जाना) हो गया। तुरंत सीपीसीआर (कार्डियोपल्मोनरी सेरेब्रल रिससिटेशन - हृदय और फेफड़ों को फिर से सक्रिय करने का प्रयास) शुरू किया गया और एक चक्र के बाद उसकी धड़कनें वापस आ गईं (ROSC - रिटर्न ऑफ स्पॉन्टेनियस सर्कुलेशन)। इसके बाद उसे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में शिफ्ट कर दिया गया। आईसीयू में मरीज को हृदय गति और रक्तचाप को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आयनोट्रोपिक सपोर्ट (हृदय की पंपिंग क्षमता बढ़ाने वाली दवाएं) पर रखा गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक कंसल्टेशन) से परामर्श किया गया। आखिर में मरीज के परिचारकों (अटेंडरों) को मरीज की अत्यंत गंभीर स्थिति और ठीक होने की बहुत कम संभावना (बेहद खराब प्रोग्नोसिस) के बारे में समझाया गया। अब वे मरीज को अपनी जोखिम पर अस्पताल से छुट्टी दिलाना चाहते हैं (लीव अगेंस्ट मेडिकल एडवाइस), और उन्हें इसके सभी संभावित जोखिमों के बारे में पूरी तरह से बता दिया गया है।

#### डिस्चार्ज समरी के गंभीर बिंदु

अपोलो सेज की डिस्चार्ज समरी हरिभूमि ने जिले के 3 वरिष्ठ एमडी डॉक्टर्स और एक क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट से साझा की। जिसमें यह बात सामने आई कि जिस प्रकार से अपोलो सेज में भर्ती होने के पूर्व नीरज की स्थिति थी, अगर इटारसी में ही उसका वेंटीलेटर हटा दिया होता तो संभवतः उसकी मौत होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। सरल शब्दों और चिकित्सकीय भाषा में हार्ट पंपिंग को छोड़कर नीरज के सभी ऑर्गंस इटारसी में इलाज के दौरान ही काम करना बंद कर चुके थे। बावजूद इसके नीरज को दयाल अस्पताल ने हायर अथॉरिटी रैफर नहीं किया। खबर में लिखा एक भी शब्द काल्पनिक या मनगढ़त नहीं है, न ही यह किसी प्रकार के पूर्वाग्रह से लिखा गया है। यह सभी बातें अपोलो सेज की डिस्चार्ज समरी में स्पष्ट रूप से लिखे हुए है। पिछली खबर में हमने बताया था कि कैसे नीरज की क्रिटिकल स्थिति को 4 जुलाई की रात में भर्ती होने के बाद से ही दयाल अस्पताल ने सामान्य रूप से ट्रीट किया।

#### डाउन बीपी को नॉरएड इंजेक्शन से बढ़ाया

नॉरएड (Norad) इंजेक्शन एक महत्वपूर्ण दवा है जिसका उपयोग गंभीर रूप से निम्न रक्तचाप की स्थिति को नियंत्रित करने और बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह रक्त वाहिकाओं को संकुचित करता है। इससे रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं और रक्तचाप बढ़ जाता है। यह रक्त को महत्वपूर्ण अंगों जैसे हृदय और मस्तिष्क की ओर पुनर्निर्देशित करता है, जिससे इन अंगों तक पर्याप्त रक्त पहुंच पाता है। इसके अलावा, यह बीटा-1 एड्रीनर्जिक रिसेप्टर्स को भी उत्तेजित कर सकता है, जिससे हृदय गति और हृदय द्वारा रक्त पंप करने की क्षमता बढ़ सकती है। सरल शब्दों में नॉरएड इंजेक्शन तब लगाया जाता है जब मरीज उस स्थिति में पहुंच जाता है जब उसका बीपी अत्यधिक नीचे पहुंच जाता है। नीरज के मामले में आईएमए की तरफ से आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ ए दयाल ने कहा था कि नीरज की शुरुआती हालत अच्छी थी, यहां तक कि रेफर करके ले जाते समय तक नीरज अच्छी स्थिति में था जिसके वीडियो फुटेज उनके पास सुरक्षित है। परंतु सत्य यह है कि 4 जुलाई की रात से ही लगातार नीरज को यह इंजेक्शन लगाया जा रहा था। ओर कुल नीरज को लगाए थे। जो नीरज की अच्छी हालत वाले डॉ ए दयाल के बयान पर सवाल खड़े करता है। अपोलो हॉस्पिटल में भी 20 नॉरएड इंजेक्शन नीरज को इलाज के दौरान लगाए गए हैं।

#### जांच रिपोर्ट के बाद हाईकोर्ट जाएंगे परिजन

मृतक नीरज के पिता धनपाल का कहना है कि 4 जुलाई की रात से नीरज की हालत गंभीर थी और दयाल अस्पताल में उसे रखकर समय पास किया गया। अगर समय में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम नीरज का इलाज करती तो आज मेरा बेटा जीवित होता। धनपाल ने कहा कि अभी तक जितनी लापरवाहियां उजागर हुई है उन सभी बिंदुओं पर सीएमएचओ द्वारा गठित टीम को जांच करना चाहिए। अगर जांच टीम के निर्णय से हमे न्याय नहीं मिलता है तो हम उसे उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे और आखिरी दम तक नीरज की जान से खिलवाड़ करने वालों को सजा दिलाकर रहेंगे।

## निर्माण के बाद पहली बारिश में ही खस्ताहाल हुई सड़क

### नागरिकों की मांग-घटिया सड़क का हो पुनर्मूल्यांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक बनाई गई डामर रोड पूर्णता के कुछ माह बाद ही उखड़ने लगी थी। अब बारिश से रोड और अधिक खस्ताहाल हो गई है। नागरिकों ने घटिया सड़क बनाने पर संबंधितों पर कार्रवाई की मांग जिला कलेक्टर से की है। नागरिकों ने बताया कि पिछले दिनों क्षेत्र में हुई बारिश के कारण खस्ताहाल सड़क की बुरी गत हो गई है। बरसात ने रोड निर्माण में की गई लापरवाही की पोल खोली है और पोल खुली है नगर प्रशासन की। जिसमें ठेकेदारों द्वारा किए गए घटिया कार्यों पर ज़म्मिेदारों ने आंखें मूंद ली थीं। नागरिकों के अनुसार सड़क में दिनोंदिन गड्ढों की संख्या बढ़ रही है, पुराने गड्ढे और गहरे हो गए हैं तथा सड़क किनारे मिट्टी बाहर निकलने लगी है। स्पष्ट है कि रोड निर्माण दौरान मिट्टी का कार्य अधिक हुआ। लेकिन धंसाई पर्याप्त रूप से नहीं की गई थी।

#### करें एफआईआर

नागरिकों के अनुसार रोड में क्षति बढ़ जा रही है व ठेकेदार ने रोड के निर्माण दौरान लापरवाही की थी। निर्माण दौरान भी लोगों ने ठेकेदार की शिकायतें की थी। जनता की मांग है कि नर्मदापुरम कलेक्टर व सोहागपुर विधायक अब तक ठेकेदार को किए गए भुगतान की जांच कराएं। विधायक से नागरिकों ने मांग की है कि तकनीकी रूप से जिम्मेदार अधिकारी, सड़क मूल्यांकनकर्ता तथा ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई हो। सड़क की जांच भी हो एवं जांच में यदि शासकीय राशि के दुरुपयोग की स्थिति सिद्ध होती है तो सभी संबंधितों पर एफआईआर कराई जाए।

### वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की शासकीय कार्यों की समीक्षा

**सोहागपुर।** स्थानीय जपं सभागार में गुरुवार 31 जुलाई 2025 को सुबह टीएल बैठक आयोजित की गई। जिसमें टीएल पत्रों की समीक्षा के साथ अन्य बिंदुओं पर भी कार्य समीक्षा हुई। बैठक में सभी अधिकारी अद्यतन जानकारी और प्रभारी अधिकारी अध्ययन रिपोर्ट के साथ उपस्थित हुए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण,जन सुनवाई, सीपी ग्राम लंबित शिकायतें, उच्च न्यायालय सहित लोकायुक्त व आयोगों के लंबित पत्रों, समग्र ई-केवायसी अभियान, पीडीएस ई-केवायसी अभियान, फार्मर रजिस्ट्री व आरसीएमएस केस डिस्पोजल की स्थिति, ई-ऑफिस क्रियान्वयन, मूंग उपार्जन, खाद उपलब्धता, राहत प्रकरणों में राशि वितरण और जर्जर भवन तोड़ने की कार्यवाही की समीक्षा मुख्य रूप से की गई। इस दौरान सोहागपुर ब्लॉक के समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित थे। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाडी केंद्र, स्कूल एवं अस्पताल के निरीक्षण तथा निराश्रित पशु प्रबंधन, पौधारोपण तथा स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों पर भी टीएल बैठक में चर्चा की गई।

### वरिष्ठ शिक्षिका सुभाषिनी दीवान को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनि विदाई




**माखननगर।** एकीकृत माध्यमिक शाला मारा गांव की वरिष्ठ शिक्षिका सुभाषिनी दीवान के शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी कैलाश कुमार पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया इस अवसर पर वक्ताओं ने दीवान के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विनम्र और सेवाभावी जीवन का उल्लेख किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के कुलदीप मिश्रा ने शुभ कामनाएं दी है जन शिक्षा केंद्र ताल केसरी के वरिष्ठ शिक्षक रामचरण यादव सेवानिवृत शिक्षक राम सिंह पटेल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मलिक जी पटेल रोहित शुक्ला किरण कुमार दीवान अखिलेश कुमार दीवान शिक्षक गोविंद नारायण सिंह राजपूत भगवत सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

### शासकीय व निजी स्कूलों के नव सत्र के डाटा का अपडेशन जारी

**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक के शासकीय व निजी विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का डाटा अपडेशन इन दिनों बीआरसीसी कार्यालय में जारी है। जिसमें शिक्षा विभाग की शासकीय योजनाओं का डाटा विशेष रूप से अपडेट किया जा रहा है। सोहागपुर बीआरसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि नव शिक्षा सत्र में ब्लॉक के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों का डाटा अपडेट शासकीय प्रक्रिया के अनुसार किया जा रहा है। जिसमें स्कूल प्रोफाइल अपडेशन व स्टूडेंट अपडेशन का काम जारी है। मुख्य रूप से सरकारी विद्यालयों में छात्रवृत्ति, साईकिल व गणवेश वितरण का नव सत्र का डाटा अपडेट किया जा रहा है। वहीं निजी विद्यालयों में स्कॉलर वितरण के लिए डाटा अपडेशन का कार्य जारी है। बीआरसी रघुवंशी ने बताया कि इसके अलावा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत ब्लॉक सोहागपुर को मेरे लक्ष्य की पूर्ति के लिए विद्यालयों में पौधोरोपण कार्य अनिवार्य रूप से करने तथा पोर्टल पर फोटो अपलोड करने की प्रक्रिया का कंप्यूटरीकृत कार्य भी किया जा रहा है। जिसके अनुसार आगामी समय में सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों को पौधारोपण के लक्ष्य प्रदान किए जाएंगे। गुरुवार को किए जाते कार्य के दौरान बीआरसी राकेश रघुवंशी तथा जनशिक्षकों लखन अहिरवार व राजेश दीक्षित सहित धनीराम लांझेश, पंकज काटकर विपिन गिल्ला व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### अन्य गांवों के रास्ते दूसरे दिन भी रहे बंद

**माखन नगर।** नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ने से साढ़े तीन गांव खरगावली मुड़ियाखेड़ा तमचरु जनकपुर नसीराबाद बछवाड़ा गांव के लोगों के लिए मुख्य मार्ग गुरुवार से बंद है जो पानी भरा होने के कारण अभी भी बंद है वही नसीराबाद नांदनेर के नर्मदा पुल पर अभी भी ऊपर से पानी रहा है प्रभावितगांव के लोगों ने बताया संभवत रात में उतर जाएगा।

## कांग्रेस ने सौंपा कलेक्टर के नाम ज्ञापन, सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर


ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा है। एसडीएम अनिल जैन को सौंप गए ज्ञापन में पलकमती नदी सहित शहर में हुए व होते कार्यों की जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पलकमती नदी पर जल संरक्षण अभियान अंतर्गत जारी स्टाप डेम पहली बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया है। कांग्रेस ने निषपक्ष जांच की मांग की है। वहीं ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप चौराहा से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर डामर रोड बनाया गया है। उक्त सड़क बने अभी कुछ माह ही हुए हैं और यह क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण वाहन चालकों के साथ अप्रिय घटना घट सकती है। अतः मार्ग सुधारा जाए।

इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष मालवीय, रफीक अली, घनश्याम कहार, युवा कांग्रेस नेता कार्तिक शर्मा, इरफान खान, पार्षद धर्मदास बेलवंशी, पूर्व पार्षद मोहन कहार, गणेश अहिरवार आदि उपस्थित थे।

## एथलेटिक्स में अनन्या की शानदार उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली एथलीट अनन्या स्वामी ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने 35वीं पश्चिम क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 60 मीटर दौड़ की स्पर्धा में गर्ल्स (अंडर 16) वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 04 से 06 अक्टूबर 2024 के बीच राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय खेल परिसर, नागपुर में आयोजित की गई थी। इस आयोजन का संचालन महाराष्ट्र एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा किया गया था। अनन्या ने 60 मीटर दौड़ में 8.48 सेकंड का समय लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में



विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन अनन्या ने अपनी स्फूर्ति और दृढ़ निश्चय के बल पर तीसरा स्थान हासिल कर मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया। उन्हें यह मेरिट प्रमाणपत्र एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया है, जिस पर फेडरेशन के अध्यक्ष आदिल जे. सुमारिवाला और सचिव रविंदर चौधरी के हस्ताक्षर हैं।

## कुसुम महाविद्यालय में हुआ मुंशी प्रेमचंद व तुलसीदास जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद जी एवं महान संत तुलसीदास जी जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया 1 कार्यक्रम में मां सरस्वती का पूजन कर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तुलसीदास जी को महान संत और रामचरितमानस के रचयिता के रूप में याद किया, जिन्होंने जन-जन के हृदय में भगवान राम की स्थापना की। साथ ही, उन्होंने प्रेमचंद



को उपन्यास सम्राट के रूप में याद किया जाता हैं जिन्होंने लेखन और साहित्य में उनके योगदान को सराहा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए के यादव ने मुंशी प्रेमचंद एवं तुलसी दास जी के जीवन चरित्र का वर्णन किया और उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि उनकी रचनाएं वर्तमान जीवन में भी अत्यधिक प्रासंगिक है 1 विद्यार्थी जीवन में हमें इन महान साहित्यकार की पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। जिससे हमें साहित्य एवं लेखन कला का ज्ञान होगा 1 उनकी कुछ रचनाएं गबन,गोदान जरूर पढ़ना चाहिए।

### जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ



**सेमरी हरचंद।** ग्राम बारंगी की कीमती बाई अहिरवार ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोहागपुर में अपना खाता खुलवाया था एवं प्रधानमंत्री-ज्योति बीमायोजना की पॉलिसी ली थी सड़क दुर्घटना में मृत्यु उपरांत कीमती बाई अहिरवार के पति नेमचंद अहिरवार को भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मनोहर लाल अहिरवार स्टेट बैंक कियोस्क संचालक सौरभ कुशवाहा, देवी सिंह कुशवाहा सर्विस मैनेजर अमर सिंह एवं बैंक स्टाफ द्वारा 2 लख रुपए की राशि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की राशि प्रदान की गई।

### श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में अभिषेक संपन्न

## कलयुग में कामी और धर्मी हैं तो आस्तिक और नास्तिक भी : पं. विनोद दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



कलयुग में कामी और धर्मी है तो आस्तिक और नास्तिक भी। पूरे ब्रम्हाण में भारत भूमि ही ऐसी पवित्र माता है जिसमें 33 कोटि देवी देवता वास करते है। सभी सुख शांति देने वाले है। इन सभी में भगवान शिव का अपना अलग स्थान है। कलयुग में भी आस्था और धर्म के प्रति भटकाव न हो इस हेतु भगवान के लिंग स्वरूप में 12 ज्योतिर्लिंग देश के अलग अलग राज्यों में है। उक्त विचार अपने प्रवचन के दौरान आयोजन के मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि सावन मास में शिवजी हंसमुख प्रवृत्ति के रहते है गुस्सा कम और स्नेह के भाव ज्यादा रहने से वे भक्तों पर निरंतर कृपा करते है।

पं. विनोद दुबे ने भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाते हुए कहा कि महाराष्ट्र के पूणे जिले के राजगुरू नगर (खेड़) तहसील से धोड़ेगांव के आगे सहयाद्रि पर्वत माला में भीमाशंकर की पहाड़िया है इसी पर्वत श्रृंखला में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग का वास है। यहां पर आने के पहले श्रद्धालु चंद्रभागा नदी में स्नान करके ही ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते आते है। यहां के बारे में कहावत है कि यहां के वन पहले शाकिनी और डाकिन के नाम से कुख्यात थे। इतना ही नहीं ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहले शेर भी आते थे।

## कांग्रेस नेता ने कालू लौधी पर कार्रवाई का जताया विरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय पटेल ने सिवनी मालवा में सर्प मित्र कालू लोधी पर की कार्रवाई को पूरी तरह से अनुचित करार दिया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा सर्प पकड़ने और कथित रूप से अनुचित प्रदर्शन करने के आरोप में की गई यह कार्रवाई न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि जनसेवा और पशु संरक्षण के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं के मनोबल को तोड़ने वाली है।

जानकारी के अनुसार, कालू लोधी वर्षों से क्षेत्र में सर्प मित्र के रूप में काम कर रहे हैं और सर्पदंश की घटनाओं में समय रहते पहुँचकर कई लोगों की जान बचा चुके हैं। उन्होंने न सिर्फ सांपों को सुरक्षित पकड़ा बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी छोड़ा। बावजूद इसके, वन विभाग द्वारा उन पर सर्प पकड़ने और कथित रूप से उसका सार्वजनिक प्रदर्शन करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की गई। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता अजय पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया।

### निकली जागरूकता रैली

**माखन नगर** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद माखन नगर के सेक्टर 5 की नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति ने पर्यावरण जन जागरूकता यात्रा निकाली गई।

**इश्तहार**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की / कच्ची प्लाट नं. कमला नेहरू पार्क गुमठी दुकान जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री तुलसीराम S/O फतेह चंद मालवीय के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री देवेंद्र कुमार S/O तुलसीराम के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकरी नगर पालिका परिषद इटारसी**

**आम सूचना**

मैं हेमंत वर्मा 42 वर्ष पिता स्व. श्री हरिशंकर वर्मा, आधार नं. 5026 7784 0606, पता वार्ड नं. 14, बद्री टीसी की लाइन सूरजगंज इटारसी जिला नर्मदापुरम निवास करता हूं। यह कि में जिस घर में रहता हूं उसका मालिकाना हक मेरे नाम से है। मेरे घर में पत्नी, दो बच्चे, मां और मेरे बड़े भाई संजय वर्मा एवं लकवाग्रस्त भाभी कंचन वर्मा भी मेरे घर में निवासरत है। मेरे भाई संजय के पुत्र मेरे भतीजा कृष्णा उर्फ कान्हा ने अनुसूचित जाति की लड़की हर्षिता से विवाह करके मेरे घर में जबरन घुस कर रह रहे हैं। ये दोनों आए दिन मेरे साथ लड़ाई झगड़ा और विवाद करते हैं, मेरे ही घर में मुझसे जबरदस्ती हिस्से की मांग कर रहे है। हिस्सा नहीं देने और घर से निकलने का बोलने पर कृष्णा और हर्षिता ने मेरे विरुद्ध थाने में झूठी शिकायत की हुई है।
महोदय इनसे मुझे एवं मेरे परिवार खतरा है। इस आम सूचना के माध्यम से मैं आमजन को इस परिस्थिति से अवगत करा रहा हूं। साथ ही मैंने भी पुलिस प्रशासन को पूरे घटनाक्रम की शिकायत की है। अगर कल को मुझ पर कोई झूठा केस या अन्य तरह से हमला या कार्यवाही होती है तो इसकी जवाबदारी कृष्णा और हर्षिता (मेरे बड़े भाई एवं भाभी) की रहेगी। मेरे द्वारा इनके परिवार से अपने सारे रिश्ते नाते समाप्त कर दिये है। भविष्य में अगर किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है तो उसकी सम्पूर्ण जबावदारी मेरे बड़े भाई संजय वर्मा के परिवार की होगी।

**ललित यादव, एडवोकेट**
**सूरजगंज, इटारसी**
**मो.9301112564**

## खबर संक्षेप



### आपदा प्रबंधन को लेकर खंडवा में आपदा मित्रों का सम्मेलन आयोजित

**खंडवा।** राष्ट्रीय आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत पंजीबद्ध आपदा मित्रों का सम्मेलन होमगार्ड्स लाइन खंडवा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों से लगभग 150 से अधिक आपदा मित्रों ने सहभागिता की। सम्मेलन में जिला सेनानी होमगार्ड आशीष कुशवाहा ने आपदा मित्रों को संबोधित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्थित ओंकारेश्वर के नर्मदा तट, सिंगाजी समाधि स्थल सहित अन्य ऐसे स्थान जहां विभिन्न त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में जनसमूह एकत्रित होता है, वहां नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से लगातार समझाइश देने और चौकसी बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे स्थलों पर आपदा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर रविन्द्र महिवाल, सहायक उपनिरीक्षक अंकेश सोमानी तथा होमगार्ड्स एसडीईआरएफ के जवान भी उपस्थित रहे।

### 8.25 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत

**हरदा।** जनजातीय कार्य विभाग हरदा अनुसूचित जनजाती अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 327/25 अंतर्गत मृतक स्व. विशाल पिता शिवप्रसाद कैथवास निवासी वार्ड क्र. 28 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड शुक्ला कॉलोनी हरदा की आश्रिता शीतल पति स्व. विशाल कैथवास को हत्या के प्रकरण में 8.25 लाख रूपये की राहत राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि प्रावधान अनुसार शव परीक्षण के पश्चात प्रथम किश्त राशि चार लाख बारह हजार पांच सौ रूपये का भुगतान उनके बैंक खाते में किया गया है।

### जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता आज

**हरदा।** मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपरा और लोक कला से स्कूली विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला एवं राज्य स्तरीय मध्य प्रदेश टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी शिवांगी बघेल ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता के लिये इस वर्ष जिले की 89 स्कूलों के 267 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एक अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में किया जाएगा।

### जल जनित रोग नियंत्रण की जारी की सलाह

**हरदा।** बारिश के मौसम में जल जनित रोगों की संभावनाओं को दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को सलाह जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने नागरिकों को सलाह दी है कि सुरक्षित पेयजल स्त्रोतों का ही उपयोग करें। यदि जल के दूषित होने की संभवना हो तो, खुले कुओं का विसंक्रमण ब्लीचिंग पाउडर द्वारा एवं घरेलु पेयजल के भण्डारों के विसंक्रमण हेतु क्लोरीन की गोलियों का उपयोग करें। पानी के भण्डारण हेतु उपयोगरत बर्तन, मटका, ड्रम, डिब्बा, टंकी आदि को ढंक कर रखें। यथासंभव पानी उबालकर उपयोग करें।

### जिला स्तरीय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता हुई

हरदा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गुरूवार को जिला स्तरीय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन शास कन्या शाला हरदा में किया गया। शाला की प्राचार्य मंजूलता खरे ने बालिकाओं से परिचय किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने खिलाड़ियों को खेलों की जानकारी देते हुए बताया कि बालिकाओं को खेल से जुड़ना चाहिए। खेल से मानसिक स्वास्थ व शारीरिक और सोचने व निर्णय क्षमता का विकास होता है।

### राशन वितरण सुचारू रहे, जर्जर भवनों में स्कूल आंगनबाड़ी संचालित नहीं हों

# निरंतर बरसात के बीच कलेक्टर ने दूरस्थ वनग्रामों में पहुंच मूलभूत सुविधाएं परखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिला मुख्यालय से लगभग 80 कि.मी. दूर दूरस्थ अंदरूनी वनग्राम टेमरूबहार, ऊंचाबरारी, बोरी एवं टेमागांव वनग्राम पहुँच कर वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता देखी। इस दौरान उन्होने जिले में निरन्तर हो रही बरसात के दृष्टिगत इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं दुरूस्त रखे जाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि वनग्रामों में राशन वितरण व्यवस्था सुचारू रहे। उन्होने स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि कहीं भी जर्जर भवनों में स्कूल अथवा आंगनवाड़ी संचालित न किये जाएं। कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम टेमागांव पहुँचकर वहां उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान अपात्रों को राशन वितरण होने की शिकायत मिलने पर उन्होने सम्पन्न परिवारों के हितग्राहियों के नाम राशन वितरण की पात्रता सूची से हटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राशन दुकान में स्टाक की स्थिति की भी जानकारी ली। यहां संचालित आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पहुँचकर उन्होने दस्तक अभियान के तहत बालिका अंशि-अदिति आशीष को विटामिन ह्यएह्न की दवा पिलाई। साथ ही मैदानी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि दस्तक अभियान में कोई भी बच्चा टीकाकरण अथवा दवाई पीने से न छूटे। उन्होने आरोग्य केन्द्र से प्रसूता महिलाओं की होने वाली आवश्यक जांचों एवं उनको दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। यहां पशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सामने से कूड़ादान हटवाने के निर्देश दिये। पीएम श्री स्कूल के निर्माणाधीन भवन का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होने स्कूल में मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था भी देखी। यहां पुराने स्कूल भवन का असुरक्षित हिस्सा गिराए जाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये। स्कूल में सराहनीय अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक संतोष राजपूत को सम्मानित किये जाने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। टेमागांव के आंगनवाड़ी में पहुँचकर कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण एवं टेक होम राशन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। यहां पेयजल की व्यवस्था नहीं होने की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव को दो दिन में नल कनेक्शन लगवाने के निर्देश दिये।

### स्वास्थ्य सुविधाएं दूरुस्त रखे जाने के निर्देश





### कमिश्नर ने किया कन्या स्कूल का निरीक्षण



**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने गुरूवार को जिले की कन्या माध्यमिक शाला सोडलपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने छात्राओं के शैक्षिक स्तर की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों को शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान स्कूल में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल एवं पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी ली, जो संतोषजनक पाई गई। शिक्षकों को हमारे शिक्षक एप पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिये भी आयुक्त द्वारा प्रेरित किया गया। भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी भी उनके साथ थे।

### सामग्री की सहज उपलब्धता

*भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम टेमरूबहार में प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक शाला में बच्चों के लिये ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें, मानचित्र एवं अन्य पठन सामग्री की सहज उपलब्धता व्यवस्था की सराहना की। उन्होने सर्व शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों, मानचित्र एवं अन्य सामग्री की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त सिंह पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।*

### खेल कक्षाएं लगाने के निर्देश

*ग्राम बोरी के हायर सेकण्ड्री स्कूल में पहुँचकर कलेक्टर ने यहां की अध्यापन व्यवस्था का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। शिक्षकों को गणित एवं अंग्रेजी की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। यहां संचालित स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण कर उन्होने कहा कि प्रत्येक स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं में लर्निंग मटेरियल उपलब्ध कराया जाए एवं बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से प्रमुख विषयों का बेहतर अध्ययन कराया जाए। उन्होने कहा कि स्कूलों में खेल सामग्री उपलब्ध कराकर खेल कक्षाएं भी लगाई जाएं। यहां उचित मूल्य की दूकान के निरीक्षण के दौरान उन्होने हितग्राहियों की ई-केवायसी की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कहा कि राशन वितरण व्यवस्था में कोई अवरोध न हो। आंगनवाड़ी केन्द्र पहुँचकर उन्होने ए.एन.सी. एवं बच्चों के टीकाकरण की जानकारी ली। यहां संचालित बालिका छात्रावास सह स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से गणित एवं अंग्रेजी का अध्यापन करने के निर्देश दिये। यहां स्कूल की बिल्डिंग का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं मिलने पर ठेकेदार का भुगतान नहीं करने एवं आवश्यक मरम्मत कराने के पंचायत सचिव को निर्देश दिये गये।*

### शिफ्ट करने के निर्देश

*ग्राम ऊँचाबरारी के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने मिडिल स्कूल की छत से पानी टपकने की स्थिति मिलने पर भवन के ऊपर प्रोफाइल शीट लगाने के निर्देश दिये। आंगनवाड़ी भवन जर्जर पाये जाने पर अन्य शासकीय भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। उन्होने यहां उपस्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं भी देखीं। साथ ही सीएचओ से कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में कोई असुविधा न हो।*

## डायलिसिस यूनिट में भर्ती मरीजों के लिए जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



जिला चिकित्सालय खंडवा स्थित डायलिसिस यूनिट में भर्ती मरीजों के लिए हाल ही में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मरीजों को किडनी संबंधी रोगों, उनके लक्षणों और सावधानियों की जानकारी दी गई। डायलिसिस यूनिट के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज जैन ने बताया कि किडनी की बीमारी के शुरूआती लक्षणों में लगातार उल्टी आना, भूख नहीं लगना, थकान और कमजोरी महसूस होना, पेशाब की मात्रा में कमी, खुजली की समस्या, नींद नहीं आना और मांसपेशियों में खिंचाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गुर्दा रोग को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है और इससे बचाव के लिए नियमित जांच और जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। क्रोनिक किडनी रोग का प्रमुख कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं अन्य विकार हो सकते हैं। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल ने जागरूकता कार्यक्रम में बताया कि डायलिसिस प्रक्रिया सामान्य स्थिति और किडनी ट्रांसप्लांट के बीच एक सेतु का कार्य करती है। यदि समय-समय पर डायलिसिस नहीं ली जाए तो मरीज को किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि शरीर में दो किडनी होती हैं और इनका मुख्य कार्य शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालना होता है। समय पर जांच और उचित देखभाल से किडनी की बीमारियों को रोका जा सकता है। अपेक्स किडनी केयर कंपनी के क्वालिटी मैनेजर सनी सिंह एवं ऑपरेशन क्वालिटी मैनेजर विवेक सराफ ने बताया कि सही खान-पान और उच्च गुणवत्ता की डायलिसिस से मरीज लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। इसमें आर.एम.ओ. डॉ. कलमे, डायलिसिस यूनिट के इंचार्ज सुरेंद्र झाढ़े, टेक्नीशियन मोहित गौर आदि मौजूद थे।

## नेशनल टीम ने बमनगांव और मूंदवाड़ा अस्पतालों का वर्चुअल मूल्यांकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रणाली की टीम द्वारा विकासखण्ड खंडवा के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर बमनगांव अखाई और मूंदवाड़ा अस्पतालों का वर्चुअल माध्यम से मूल्यांकन किया गया।

मूल्यांकन टीम में बमनगांव के लिए नेशनल असेसर डॉ. परम मिश्रा और आकृति कुमारी तथा मूंदवाड़ा के लिए डॉ. राहुल रामचरण शिंदे और डॉ. बिंदिया राजपूत शामिल थे। टीम ने वर्चुअल माध्यम से अस्पतालों के ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, स्टोर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष और वार्ड की साफ-सफाई तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान टीम ने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और उनकी संतुष्टि को परखा। इस प्रक्रिया में क्वालिटी मॉनिटर अंकिता भावे और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.के. सेठिया भी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने जनजागरुकता कार्यक्रम किया आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज पुलिस कण्ट्रोल रूम हरदा में एक नशा मुक्ति जनजागरूकता समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज का निर्माणह्व करने की पहल कि गई, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, ग्राम नगर रक्षा समिति सदस्य, कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।


साथ ही कण्ट्रोल रूम हरदा के समस्त स्टाफ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। मंचासीन अधिकारियों एवं अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शॉल से किया गया। अभिनव चौकसे पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ह्लनशा करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। यदि हमें समाज को नशा मुक्त बनाना है तो हमें दो स्तरों पर कार्य करना होगा। एक, वे लोग जो पहले से नशे के शिकार हैं, और दूसरा, वे लोग जो नशे की ओर आकर्षित हो सकते हैं। इन दोनों ही वर्गों के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है। अंत मे 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित इस अभियान मे नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, रंगोली, के माध्यम से आमजन को जागरूक करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। यह जनजागरूकता कार्यक्रम युवाओं और आमजन को नशे के विरुद्ध संगठित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा। पुलिस विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर जागरूकता को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### जिले में थाना यातायात हरदा की नई पहल

**हरदा।** यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी तथा जनसहभागिता से संचालित करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी यातायात सूबेदार उमेश ठाकुर द्वारा एक नई पहल की गई है। इसके अंतर्गत थाना प्रभारी यातायात द्वारा थाना यातायात का दूरभाष नम्बर 07577-222104 सार्वजनिक किया गया है। इस पहल के तहत यदि शहर में कहीं भी ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थित पार्किंग, सड़क पर बाधा, या किसी प्रकार की अन्य यातायात समस्या उत्पन्न होती है, तो नागरिक सीधे इस नम्बर पर कॉल कर पुलिस को सूचित कर सकते हैं।

## खंडवा में 2 से 4 तक मनेगा गौरव दिवस, किशोर नाइट रहेगा मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



जिले में 2 अगस्त से 4 अगस्त तक गौरव दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। पहले दो दिनों में जहां सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ होंगी, वहीं तीसरे दिन प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की समाधि पर संगीत प्रेमियों का जमावड़ा लगेगा। इसी दिन शहर में गौरव यात्रा निकलेगी और शाम को किशोर नाइट का आयोजन किया जाएगा।

तय कार्यक्रम के अनुसार, 2 अगस्त को सुबह 8 बजे नगर निगम से केवलराम चौराहे तक ह्यखंडवा रनह्ण दौड़ आयोजित की जाएगी। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। सुबह 11 बजे पुरानी अनाज मंडी में चित्रकला स्पर्धा होगी, जिसमें ड्राइंग शीट मौके पर दी जाएगी, जबकि रंग विद्यार्थियों को स्वयं लाने होंगे। इसी दिन शाम को गौरीकुंज सभाकक्ष में वॉइस ऑफ खंडवा स्पर्धा का ग्रांड फिनाले आयोजित किया जाएगा। 3 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा नगर निगम कार्यालय के सामने बने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम को नगर निगम खंडवा और घंटाघर क्षेत्र में फूड फेस्टिवल का आयोजन होगा। इसमें ग्रामीण आजीविका परियोजना के महिला स्वसहायता समूह, इनर व्हील क्लब के प्रतिनिधि तथा होटल और रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

घंटाघर चौराहे पर बैंड प्रस्तुति के दौरान किशोर कुमार के गीत बजाए जाएंगे।मुख्य आयोजन 4 अगस्त को होगा। सुबह 7.30 बजे किशोर कुमार की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और संगीतमयी श्रद्धांजलि दी जाएगी।

दोपहर 12 बजे पुरानी अनाज मंडी से झांकियों सहित गौरव यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान कलाकारों द्वारा गणगौर नृत्य और आदिवासी लोक नृत्य जैसी प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। यह यात्रा घंटाघर चौराहा, केवलराम चौराहा, रेलवे स्टैंड, बस स्टैंड, कोतवाली होते हुए नगर निगम तिराहे तक जाएगी। शाम 5 बजे गौरीकुंज सभागृह में लेखक अनिरूद्ध भट्टाचार्य किशोर कुमार के जीवन से जुड़ी जानकारी साझा करेंगे। रात 7.30 बजे से किशोर म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पार्श्व गायक जॉली मुखर्जी को 1 लाख रुपये का किशोर गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## विधि प्रकोष्ठ ने पंधाना विधायक छाया मोरे का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



खंडवा जिला न्यायालय को इंदौर उच्च न्यायालय से संबद्ध किए जाने के संबंध में विधानसभा में पंधाना विधायक छाया मोरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का खंडवा भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा स्वागत किया गया है। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह यादव, मोहन गंगराड़े, विजय चौधरी, योगेश गुप्ता, रजनीश सोनी, डी.डी. आसवानी, जितेंद्र राउत, सत्येंद्र सिंह तंवर, शिवकुमार बारिया, जसवंत परमार, विनम्र गंगराड़े, हिरदेश बाजपेई, सुषमा शर्मा, पुष्पा गौर, भारत मोरे, अभिषेक मालाकार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि दिसंबर माह में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के नेतृत्व में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल संसद भवन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिला था। इस दौरान खंडवा का न्यायिक क्षेत्राधिकार जबलपुर से हटाकर इंदौर उच्च न्यायालय के अधीन किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। केंद्रीय कानून मंत्री ने इस पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। अधिवक्ता मोहन गंगराड़े ने बताया कि जबलपुर की तुलना में इंदौर उच्च न्यायालय की दूरी खंडवा से एक चौथाई से भी कम है और अन्य कई कारणों से खंडवा को जबलपुर की बजाय इंदौर उच्च न्यायालय से जोड़ा जाना आवश्यक और उचित है। विधायक द्वारा विधानसभा में यह विषय उठाया जाना जिले के अधिवक्ताओं व नागरिकों के लिए सराहनीय पहल है।

## भाजपा मंडल की बैठक के दौरान कावंड़ यात्रा के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



भारतीय जनता पार्टी मंडल रहटगांव की एक महत्वपूर्ण बैठक रहटगांव में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रम 'मन की बात' और श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर संजय शाह की अध्यक्षता में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 अगस्त सोमवार को धर्मश्री संस्था के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा ग्राम गोंदागांव स्थित त्रिवेणी संगम से प्रारंभ होकर टिमरनी के प्राचीन शंकर मंदिर तक निकाली जाएगी। बैठक में संबोधित करते हुए भाजपा नेता संजय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को प्रत्येक कार्यकर्ता को ग्रामों में सुनना चाहिए। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, गोविंद पालीवाल, शैलेंद्र बिल्लोंरे, शिव शंकर पाठक, हरिओम पटेल, गयाप्रसाद पांडे, विनीत गीते, मोहन सोलंकी, रामकृष्ण सोलंकी, अरुण गौर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गांव-गांव में शिविरों का आयोजन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



शासन के निर्देशानुसार खंडवा जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल के पंजीकृत श्रमिकों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्य की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 31 जुलाई से 2 अगस्त तक गांव-गांव में शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। गुरुवार को जिला आयुष अधिकारी ने धनगांव का दौरा कर कार्य की प्रगति देखी। तहसीलदार खंडवा महेश सोलंकी ने ग्राम भामगढ़, आत्मा के परियोजना संचालक ए.एस. सोलंकी ने ग्राम आरूद, उपसंचालक कृषि नीतेश यादव ने ग्राम इस्लामनगर, उपसंचालक पशु चिकित्सा हेमंत शाह ने ग्राम देशगांव और बलड़ी के सीईओ जितेंद्र ठाकुर ने भावनिया में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर पंजीयन कार्य की समीक्षा की। इसी क्रम में महाप्रबंधक उद्योग केंद्र रावत ने ग्राम रांजनी, एसडीएम पंधाना दीक्षा भगोरे ने ग्राम भिलाईखेड़ा तथा जनपद पंधाना के सीईओ सुरेश टेमने ने बोरखेड़ा खुर्द में आयोजित शिविरों का जायजा लिया और पंजीयन कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## लायंस क्लब हरदा सिटी ने दो बेटियों की जमा की फीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




आज के दौर में शिक्षा का सबसे बड़ा महत्व है। अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई स्थान नहीं है। यह बात लायंस क्लब हरदा सिटी की अध्यक्ष अंजू भायरे ने क्लब सेवाकार्य गतिविधि के दौरान कही। क्लब सचिव शीनू बंसल ने बताया कि क्लब के सेवाभावी लायन अमित तोषनीवाल के सौजन्य से सरस्वती विद्या मंदिर हरदा की दो निर्धन बालिकाओं के साल भर की फीस जमा कर उसकी रसीद स्कूल प्राचार्य को सौंपी गई। स्कूल प्राचार्य ने क्लब द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की सराहनीय। क्लब अध्यक्ष ने कहा कि क्लब का उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद लोगों की मदद करना है यह सिलसिला भविष्य में जारी रहेगा। इस सेवा गतिविधि के दौरान क्लब कोषाध्यक्ष सुनीता बागरे, रेखा पटेल, सुनील बागरे, शिरीष अग्रवाल, शुभम बंसल, नवीन राठौर, मुकेश गहलोत सहित अन्य लायंस सदस्य एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### महिलाओं की 24 घंटे की रामसत्ता का आयोजन



**रहटगांव।** महिलाओं की 24 घंटे की रामसत्ता का आयोजन टिमरनी नगर के रेणुका मंदिर में हुआ। जिसमें महिलाओं के द्वारा ढ़ोलक झांज की ताल पर भजन कीर्तन किया गया। नगर और विभिन्न गांव की महिलाओं के द्वारा रामसत्ता में शामिल होकर भजन कीर्तन किया। कहते हैं कि रामसत्ता इंद्रदेव को मनाने के लिए की जाती है। जिसमें महिलाएं भजन कीर्तन करती है। इसमें नपाध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, पार्षद सुधीर गौर आदि मौजूद थे।